# स्वामी विवेकानन्द राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं

EST-1994

जिला बिलासपुर (हि०प्र०)

## वार्षिक-प्रतिवेदन : 2023-24




## वार्षिक पारितोषिक-वितरण समारोह

दिनाँक 21 मार्च, 2024

**मुख्यातिथि**

**डॉ० निधि पटेल**

( अतिरिक्त उपायुक्त, जिला बिलासपुर हि०प्र० )

प्रस्तुतीकरण
**प्रो० रामकृष्ण**
प्राचार्य

# स्वामी विवेकानन्द राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं

## जिला बिलासपुर ( हि०प्र० )

## वार्षिक-प्रतिवेदन सत्र 2023-24

### परिचय

स्वामी विवेकानन्द राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, घुमारवीं 1 जुलाई 1994 को हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना के साथ अस्तित्व में आया। इसकी स्थापना के बाद से महाविद्यालय का प्रसार हुआ और उत्तरोत्तर उच्च प्रतिष्ठित सह-शिक्षा संस्थानों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। सीखना तथा उत्कृष्टता की संस्कृति पर ध्यान केन्द्रित करना यहाँ की हर कक्षा और विभाग में व्याप्त है। महाविद्यालय न केवल शिक्षित होने पर अपितु सीखने और मानवीय मूल्यों को विकसित करने के लिए अद्‌भुत ऊर्जा पैदा करने पर ध्यान केन्द्रित करता है।

महाविद्यालय का भव्य और सुन्दर भवन ए.सी.सी. द्वारा निर्मित किया गया है और महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला-5 से सम्बद्ध है। महाविद्यालय को 2009 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुच्छेद-2 (एफ) और 12 (बी) के तहत सम्बद्धता मिली और 2020 में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद् द्वारा ग्रेड बी० संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय का पूरा परिसर सीसीटीवी निगरानी में है और वाई-फाई से जुड़ा हुआ है। महाविद्यालय में कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, जलपान-गृह और खेल के मैदान के रूप में पर्याप्त आधारभूत ढांचा है। इसकी अपनी व्यायामशाला और एक कन्या छात्रावास है। महाविद्यालय बी.बी.ए., बी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए. और बी.वॉक, जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। आठ विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम महाविद्यालय के महत्त्व को उत्तरोत्तर बढ़ा रहे हैं। महाविद्यालय भौतिकी प्रयोगशाला, जीआईएस लैब और सूचना और प्रौद्योगिकी के लिए वातानुकूलित प्रयोगशालाओं से सुसज्जित है। महाविद्यालय में इग्नू का अध्ययन केन्द्र भी प्रगति पथ पर अग्रसर है।

### विद्यार्थी पंजीकरण ( सत्र 2023-2024 )

महाविद्यालय में सत्र 2023-24 में विद्यार्थियों के पंजीकरण में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है इस वर्ष की कुल पंजीकरण संख्या 2664 रही, जिनमें 1644 लड़कियाँ तथा 1020 लड़के हैं।

| संकाय | **Class Name** | **GENERAL** | | **S.C.** | | **S.T.** | | **O.B.C.** | | **Tot.** | **Tot.** | **GT** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Year/Sem.** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | (11+12) |
| कला संकाय | BA-1 Year | 81 | 147 | 26 | 63 | 5 | 6 | 7 | 20 | 119 | 236 | 355 |
| | BA-2nd Year | 37 | 125 | 13 | 37 | 2 | 6 | 2 | 12 | 54 | 180 | 234 |
| | BA-3rd year | 45 | 126 | 19 | 39 | 1 | 0 | 3 | 14 | 68 | 179 | 247 |
| | **Total** | **163** | **398** | **58** | **139** | **8** | **12** | **12** | **46** | **241** | **595** | **836** |
| **विज्ञान संकाय** | B.Sc.-1 Year | 85 | 108 | 19 | 28 | 2 | 2 | 13 | 15 | 119 | 153 | 272 |
| | B.Sc.-2nd Year | 56 | 72 | 11 | 8 | 2 | 3 | 9 | 8 | 78 | 91 | 169 |
| | B.Sc.-3rd year | 37 | 84 | 8 | 7 | 0 | 2 | 2 | 5 | 47 | 98 | 145 |
| | **Total** | **178** | **264** | **38** | **43** | **4** | **7** | **24** | **28** | **244** | **342** | **586** |
| **वाणिज्य संकाय** | B.Com.-1 Year | 41 | 35 | 14 | 11 | 0 | 0 | 9 | 2 | 64 | 48 | 112 |
| | B.Com.-2nd Year | 39 | 28 | 8 | 10 | 0 | 0 | 8 | 5 | 55 | 43 | 98 |
| | B.Com.-3rd year | 31 | 28 | 10 | 4 | 0 | 1 | 5 | 7 | 46 | 40 | 86 |
| | MCom-1st | 6 | 16 | 3 | 7 | 0 | 0 | 0 | 2 | 9 | 25 | 34 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | MCom-3rd | 5 | 20 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 6 | 22 | 28 |
| | **Total** | **122** | **127** | **36** | **33** | **0** | **1** | **22** | **17** | **180** | **178** | **358** |
| BCA | BCA-1 Sem. | 12 | 21 | 5 | 2 | 0 | 0 | 7 | 3 | 24 | 26 | 50 |
| | BCA-3 Sem. | 27 | 9 | 7 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 36 | 10 | 46 |
| | BCA-5 Sem. | 26 | 13 | 2 | 2 | 0 | 0 | 2 | 1 | 30 | 16 | 46 |
| | **Total BCA** | **65** | **43** | **14** | **5** | **0** | **0** | **11** | **4** | **90** | **52** | **142** |
| BBA | BBA-1 Sem. | 22 | 9 | 4 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 27 | 12 | 39 |
| | BBA-3 Sem. | 19 | 9 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 20 | 11 | 31 |
| | BBA-5 Sem. | 17 | 4 | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 21 | 6 | 27 |
| | **Total BBA** | **58** | **22** | **7** | **6** | **1** | **0** | **2** | **1** | **68** | **29** | **97** |
| कला स्नात्कोत्तर | MA-(Eng)1st | 5 | 5 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 7 | 7 | 14 |
| | MA-(Eng) 3rd | 0 | 4 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 3 | 0 | 10 | 10 |
| | MA-Pol Sc-1st | 4 | 19 | 0 | 10 | 0 | 1 | 0 | 0 | 4 | 30 | 34 |
| | MA-Pol Sc-3rd | 1 | 20 | 2 | 6 | 0 | 0 | 0 | 2 | 3 | 28 | 31 |
| | **Total** | **10** | **48** | **4** | **19** | **0** | **3** | **0** | **5** | **14** | **75** | **89** |
| गणित स्नात्कोत्तर | M.Sc.-1 Sem | 10 | 25 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 3 | 14 | 30 | 44 |
| | M.Sc.-3 Sem | 4 | 27 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 4 | 6 | 33 | 39 |
| | **Total** | **14** | **52** | **2** | **2** | **1** | **2** | **3** | **7** | **20** | **63** | **83** |
| भौतिक विज्ञान | M.Sc.-1 Sem | 5 | 26 | 2 | 4 | 0 | 2 | 2 | 3 | 9 | 35 | 44 |
| | M.Sc.-3 Sem | 8 | 19 | 2 | 4 | 0 | 1 | 1 | 2 | 11 | 26 | 37 |
| | **Total** | **13** | **45** | **4** | **8** | **0** | **3** | **3** | **5** | **20** | **61** | **81** |
| रसायन विज्ञान | M.Sc.-1 Sem | 9 | 16 | 0 | 6 | 0 | 2 | 1 | 0 | 10 | 24 | **34** |
| | M.Sc.-3 Sem | 6 | 16 | 2 | 3 | 0 | 0 | 2 | 1 | 10 | 20 | **30** |
| | **Total** | **15** | **32** | **2** | **9** | **0** | **2** | **3** | **1** | **20** | **44** | **64** |
| वनस्पति विज्ञान | M.Sc.-1 Sem | 3 | 23 | 0 | 6 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 31 | **34** |
| | M.Sc.-3 Sem | 1 | 20 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 7 | 4 | 29 | **33** |
| | **Total** | **4** | **43** | **2** | **7** | **1** | **2** | **0** | **8** | **7** | **60** | **67** |
| जीव विज्ञान | M.Sc.-1 Sem | 4 | 19 | 3 | 5 | 0 | 2 | 0 | 1 | 7 | 27 | **34** |
| | M.Sc.-3 Sem | 3 | 17 | 4 | 2 | 0 | 1 | 0 | 2 | 7 | 22 | **29** |
| | **Total** | **7** | **36** | **7** | **7** | **0** | **3** | **0** | **3** | **14** | **49** | **63** |
| BVoc | HT & Mgmt.-1st | 25 | 6 | 6 | 1 | 0 | 0 | 3 | 2 | 34 | 9 | **43** |
| | HT & Mgmt.-3rd | 13 | 5 | 9 | 4 | 0 | 0 | 1 | 0 | 23 | 9 | **32** |
| | HT & Mgmt.-5th | 5 | 11 | 1 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 | 15 | **21** |
| | **Total** | **43** | **22** | **16** | **8** | **0** | **1** | **4** | **2** | **63** | **33** | **96** |
| | Retail Mgmt.-1 | 10 | 7 | 6 | 5 | 0 | 0 | 1 | 1 | 17 | 13 | **30** |
| | Retail Mgmt.-3 | 4 | 6 | 3 | 5 | 0 | 0 | 0 | 1 | 7 | 12 | **19** |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Retail Mgmt.-5 | 6 | 6 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 7 | **13** |
| | **Total** | **20** | **19** | **9** | **11** | **0** | **0** | **1** | **2** | **30** | **32** | **62** |
| PGDCA | PGDCA-1 | 7 | 20 | 2 | 8 | 0 | 0 | 0 | 3 | 9 | 31 | **40** |
| GRAND TOTAL | | **719** | **1171** | **201** | **305** | **15** | **36** | **85** | **132** | **1020** | **1644** | **2664** |

## स्वीकृत पद एवं रिक्त पदों कि विस्तृत जानकारी

| क्र.सं | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबंध | |
| 1 | संस्कृत | 2 | 2 | | |
| 2 | हिंदी | 2 | 1 | 1 | |
| 3 | अंग्रेजी | 4 | 3 | | 1 |
| 4 | गणित | 5 | 4 | | 1 |
| 5 | समाजशास्त्र | 1 | | | 1 |
| 6 | लोक प्रशासन | 2 | 2 | | |
| 7 | अर्थशास्त्र | 2 | 1 | | 1 |
| 8 | इतिहास | 1 | 1 | | |
| 9 | संगीत (गायन) | 1 | 1 | | |
| 10 | संगीत (वादन) | 1 | | | 1 |
| 11 | भौतिक विज्ञान | 6 | 5 | | 1 |
| 12 | रसायन विज्ञान | 4 | 4 | | |
| 13 | वनस्पति विज्ञान | 3 | 2 | 1 | |
| 14 | जीव विज्ञान | 3 | 2 | | 1 |
| 15 | राजनैतिक विज्ञान | 2 | 2 | | |
| 16 | वाणिज्य | 3 | 3 | | |
| 17 | भूगोल | 2 | 2 | | |
| 18 | शारीरिक शिक्षा | 1 | | 1 | |
| 19 | कंप्यूटर अनुप्रयोग | 1 | 1 | | |
| 20 | पत्रकारिता एवं जनसंचार | 1 | 1 | | |
| 21 | पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन | 1 | 1 | | |
| 22 | शिक्षा | 1 | | 1 | |
| 23 | पर्यावरण विज्ञान | 1 | | 1 | |
| | कुल | 50 | 38 | 5 | 7 |

## गैर शिक्षक स्वीकृत पद एवं रिक्त पदों कि विस्तृत जानकारी

| क्र.सं | पद | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद | **PTA/ HEIS** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबंध | | |
| 1 | अधीक्षक ग्रेड-1 | 1 | 1 | | | |
| 2 | अधीक्षक ग्रेड-2 | 1 | 1 | | | |
| 3 | वरिष्ठ सहायक | 1 | 1 | | | |
| 4 | पुस्तकालय अध्यक्ष | 1 | | | 1 | |
| 5 | सह पुस्तकालय अध्यक्ष | 1 | 1 | | | |
| 6 | लिपिक | 2 | 1 | | 1 | |
| 7 | स्टोर कीपर | 1 | | | 1 | |
| 8 | वरिष्ठ प्रयोगशाला परिचारक | 2 | 2 | | | |
| 9 | कनिष्ठ प्रयोगशाला परिचारक | 3 | 1 | | 1 | 1 (PTA) |
| 10 | प्रयोगशाला परिचारक | 2 | 2 | | | |
| 11 | तबला वादक | 1 | 1 | | | |
| 12 | पशु संग्राहक/C-IV | 1 | 1 | | | |
| 13 | चपरासी/चौकीदार | 7 | 7 | | | |
| 14 | सफाई कर्मचारी | 2 | | | | 01 PTA, 01 HEIS |
| कुल | | 26 | 19 | | 4 | 3 |

## परीक्षा परिणाम सत्र 2022-23

| **Program Name** | **No. of Student Appears in the final year exam** | **No. of student passed in final year** | **Pass Percentage** |
|---|---|---|---|
| BSC With Botany | 27 | 21 | 78% |
| BSC With Chemistry | 40 | 32 | 80% |
| BSc with Zoology | 49 | 38 | 78% |
| BSc with Physics | 29 | 20 | 69% |
| BSc with Maths | 44 | 32 | 73% |
| BA With Economics | 25 | 22 | 88% |
| BA with Education | 4 | 4 | 100% |
| BA with English | 22 | 17 | 77% |
| BA with Geography | 31 | 28 | 90% |
| BA With History | 61 | 58 | 95% |
| BA with Sanskrit | 1 | 1 | 100% |
| BA with Music | 1 | 1 | 100% |

| | | | |
|---|---|---|---|
| BA with Hindi | 36 | 34 | 94% |
| BA with BJMC | 5 | 4 | 80% |
| BA with Math | 1 | 1 | 100% |
| BA with Pol Science | 58 | 51 | 88% |
| BA with Public Ad | 3 | 3 | 100% |
| BA with Sociology | 2 | 1 | 50% |
| BA with TTM | 1 | 1 | 100% |
| BBA | 27 | 27 | 100% |
| BCA | 46 | 46 | 100% |
| BCOM | 103 | 78 | 76% |
| PGDCA | 38 | 38 | 100% |
| MA English | 2 | 1 | 50% |
| MA Pol Sci. | 28 | 28 | 100% |
| M Com | 33 | 33 | 100% |
| MSc. Phy | 29 | 19 | 66% |
| MSc.Chem | 25 | 21 | 84% |
| MSc.Bot | 31 | 31 | 100% |
| MSc.Zoo | 24 | 24 | 100% |
| MSc.Math | 27 | 12 | 44% |
| **Total** | **853** | **727** | 85% |

## स्थानांतरण :-

1. प्रो० जयचंद सहायक प्राध्यापक (गणित) का स्थानांतरण हुआ।
2. प्रो० किरण देवी सहायक प्राध्यापिका (समाजशास्त्र)का स्थानांतरण हुआ।
3. डॉ० बोविंद्र चंद सह प्राध्यापक (जीव विज्ञान) का स्थानांतरण हुआ।
4. प्रो० अंजू शर्मा सहायक प्राध्यापिका (हिंदी) का स्थानांतरण हुआ।
5. डॉ० प्रियंका सहायक प्राध्यापिका (रसायन विज्ञान) का स्थानांतरण हुआ।
6. डॉ० शिष्टा शर्मा सहायक प्राध्यापिका (जीव विज्ञान) का स्थानांतरण हुआ।

## कार्यभार ग्रहण

1. प्रो० कविता देवी सहायक प्राध्यापिका (हिंदी) ने महाविद्यालय परिवार में कार्यभार ग्रहण किया।
2. डॉ० चंचल कुमार सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी भाषा) ने महाविद्यालय परिवार में कार्यभार ग्रहण किया।
3. प्रो० राकेश चंदेल सहायक प्राध्यापक (जीव विज्ञान) ने महाविद्यालय परिवार में कार्यभार ग्रहण किया।
4. प्रो० लिपिका शर्मा सहायक प्राध्यापिका (वनस्पति विज्ञान) ने महाविद्यालय परिवार में कार्यभार ग्रहण किया।
5. प्रो० पूजा देवी सहायक प्राध्यापिका (शिक्षा) ने महाविद्यालय परिवार में कार्यभार ग्रहण किया।
6. प्रो० प्रवीण कुमार सहायक प्राध्यापक (पर्यावरण विज्ञान) ने महाविद्यालय परिवार में कार्यभार ग्रहण किया।

7. श्रीमती निर्मला देवी सहायक (लाइब्रेरियन) ने महाविद्यालय परिवार में कार्यभार ग्रहण किया।
8. श्री ओम प्रकाश जूनियर लैब असिस्टेंट ने महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया।
9. श्री कुलदीप सिंह सीनियर लैब अटेंडेंट ने महाविद्यालय परिवार में कार्यभार ग्रहण किया।

## सेवानिवृत्ति

1. प्रो० मोहिन्दर सिंह ठाकुर सह–आचार्य (अर्थशास्त्र) इस सत्र में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए।
2. प्रो० ज्योति प्रभा – सह–आचार्य (संगीत वाद्य) इस सत्र में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुई।

## उच्च शिक्षा संस्थान समिति (HEIS) ( प्रभारी - डॉ० सुरेश शर्मा )

महाविद्यालय की उच्च शिक्षा संस्थान समिति के तत्वाधान में रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ये कार्यक्रम क्षेत्र के उन छात्रों को लाभान्वित करने के लिए चलाए जा रहे हैं जो वित्तीय संसाधनों के अभाव के कारण अपने क्षेत्र से बाहर जाकर अध्ययन नहीं कर सकते। समिति के सभी पाठ्यक्रम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है। समिति के पास सुयोग्य कर्मचारी, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य आधारभूत सुविधा उपलब्ध है।

**पुस्तकालय :** पुस्तकालय किसी भी संस्थान का अभिन्न अंग होता है। विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने एवं ज्ञान पिपासा को शांत करने का केन्द्र पुस्तकालय होता है। महाविद्यालय में ई–पुस्तकालय की स्थापना की गई है। जिसमें कुल 12628 पाठ्य पुस्तकें, 984 संदर्भ पुस्तकें, 18 पत्रिकाएं, 09 शोधपत्र, एवं 541 पुस्तकें बुक बैंक में मौजूद हैं। 17 समाचार पत्र प्रतिदिन छात्रों के लिए उपलब्ध करवाए जाते हैं। ऑनलाइन 195809 ई–बुक और 6293 शोध पत्र/पत्रिकाएं पुस्तकालय में छात्रों के ज्ञानावर्धन के लिए उपलब्ध हैं। महाविद्यालय के पुस्तकालय में उच्च शिक्षा संस्थान समिति (HEIS) का अपना एक पुस्तकालय है जिसमें 694 पाठ्य–पुस्तकें, 28 संदर्भ पुस्तकें, 10 पत्रिकाएं एवं 03 शोधपत्र शामिल हैं।

**कन्या छात्रावास : (वार्डन – डॉ० रीता कुमारी )** महाविद्यालय में 90 छात्राओं के लिए एक कन्या छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में 88 छात्राएं कन्या छात्रावास में रह रही हैं। छात्रावास में रह रही छात्राओं के प्रबन्धन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है जिसमें अनुशासन समिति, मैस समिति, खेलकूद समिति आदि शामिल हैं। छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए छात्रावास में योग, प्रार्थना सभा, सांस्कृतिक गतिविधियाँ समय अनुसार करवाई जाती हैं। छात्राएं स्वच्छता अभियान, पौधारोपण आदि गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती हैं।

## इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केन्द्र : ( प्रभारी - प्रो० बच्चन सिंह )

अक्तूबर 2010 से महाविद्यालय में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केन्द्र अनवरत रूप से छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। कामगार लोग एवं छात्र जो किन्हीं कारणों से अपनी पढ़ाई नियमित नहीं रख पाए हैं, वे सभी अपनी शिक्षा इस केन्द्र की सहायता से पूरा करते हैं। इस केन्द्र में छात्र B.A., B.Com., BTS, DTS, CTS, CIS, CHR आदि शैक्षणिक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में 528 विद्यार्थियों ने इस केन्द्र में पंजीकरण करवाया है जिसमें प्रथम वर्ष में 324, द्वितीय वर्ष में 104 एवं तृतीय वर्ष में 100 छात्रों ने अपना पंजीकरण करवाया है। केन्द्र में चल रहा CIS का कोर्स पूरे उत्तर भारत में केवल हमारे महाविद्यालय में ही संचालित हो रहा है। जुलाई 2023 में केन्द्र को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर (M.Sc.) भौतिक विज्ञान का कोर्स आबंटित किया गया है जोकि विधिपूर्वक शुरू किया जा चुका है। जिसमें विद्यार्थियों की संख्या 92 है।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) ( प्रभारी – प्रो० राजीव शर्मा )

महाविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) महाविद्यालय के छात्रों में अनुशासन तथा देश प्रेम एवं साहस को विकसित करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान में महाविद्यालय इकाई में 51 पंजीकृत सदस्य हैं जिनमें 29 छात्र एवं 22 छात्राएं है।

- महाविद्यालय के 04 कैडेट ने कुमाऊँ रैजीमेंट द्वारा आयोजित शिविर (पठानकोट) में भाग लिया है।
- महाविद्यालय की 3 कैडेट (छात्रा) एवं 1 छात्र कैडेट ने सिरमौर जिला में आयोजित स्पर्धा में भाग लिया।
- महाविद्यालय के 13 कैडेट एन.सी.सी.–सी प्रमाण–पत्र एवं 11 कैडेट ने एन.सी.सी–बी प्रमाण–पत्र के लिए परीक्षा में भाग लिया है।
- महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई ने 30 नवम्बर 2023 को 'विजिलैन्स जागरूकता और साइबर सुरक्षा' विषय पर जनचेतना अभियान चलाया।
- 21 फरवरी 2024 को महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया जिसमें 61 विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने रक्तदान किया।
- महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई द्वारा स्वच्छ भारत अभियान, योग दिवस, पर्यावरण दिवस, संविधान दिवस, पोस्टर मेकिंग आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) ( प्रभारी – प्रो० रमेश शर्मा व प्रो० पूजा )

राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व एवं चरित्र का विकास करना है। वर्तमान में महाविद्यालय में दो सेवा ईकाइयाँ कार्यरत हैं, जिसमें इस वर्ष 115 (40 छात्र, 75 छात्राएं) स्वयंसेवकों ने पंजीकरण करवाया है। इस वर्ष सामुदायिक सेवा में अग्रणी रहने के साथ–साथ स्वयंसेवकों ने जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का परचम लहराया है। इस सत्र में 6 एक दिवसीय शिविरों तथा एक विशेष 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 240 घण्टे तक स्वयं–सेवियों द्वारा श्रमदान किया गया। इस वर्ष स्वयंसेवी नैंसी ठाकुर ने उत्तर क्षेत्र पूर्ण गणतन्त्र दिवस कैम्प (फतेहाबाद, हरियाणा) में भाग लिया। 4 स्वयंसेवियों ने राज्य स्तरीय मैगा कैम्प में भाग लिया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ग्राम पंचायत पट्टा में पौधा रोपण किया। स्वयं सेवियों द्वारा रक्तदान शिविर में भी भाग लिया गया। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवियों ने श्रमदान के द्वारा महाविद्यालय तथा इसके आस–पास के क्षेत्र को साफ–सुथरा रखने में अपना महत्त्वपूर्ण सहयोग दिया।

## रोवर्स और रेंजर्स : ( प्रभारी – प्रो० कुमारी पूनमा व प्रो० मनीष कुमार )

महाविद्यालय की रोवर्स और रेंजर्स इकाई विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करवा कर रोवर्स और रेंजर्स को सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए तैयार कर रही है। महाविद्यालय में रोवर्स और रेंजर्स की एक–एक इकाई कार्यरत है।

- इस वर्ष महाविद्यालय के 8 रेंजर्स एवं 2 रोवर्स ने रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैम्प में भाग लिया।
- रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- महाविद्यालय के 6 रेंजर्स ने रिवाल्सर में आयोजित राज्य स्तरीय प्री–रिपब्लिक डे कैम्प में भाग लिया।
- महाविद्यालय के 1 रोवर और 2 रेंजर्स ने शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय रिपब्लिक डे कैम्प में भाग लिया।

## रेड–रिबन क्लब : ( प्रभारी – प्रो० ललित शर्मा )

महाविद्यालय का रेड रिबन क्लब विद्यार्थियों को एच.आई.वी. तथा स्वास्थ्य से सम्बन्धित विषयों पर जागरूक करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। वर्तमान सत्र में क्लब द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

- क्लब द्वारा 25 अगस्त 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

- महाविद्यालय के 5 छात्र एवं 5 छात्राओं द्वारा एच.पी.एस.ए.सी.एस. द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत एक 5 किलोमीटर की जिला स्तरीय मैराथन (बिलासपुर) में भाग लिया। जिसमें लड़कियों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान तथा लड़कों में महाविद्यालय के छात्र तृतीय स्थान पर रहे।
- ज़िला स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता 'अभिव्यक्ति' में महाविद्यालय के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- क्लब द्वारा लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक किया गया। क्लब द्वारा 1 दिसम्बर 2023 को विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम करवाया गया।
- 21 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में क्लब द्वारा एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया। इसमें 61 विद्यार्थियों और अध्यापकों ने रक्तदान किया।

## आजीविका मार्गदर्शन और परामर्श प्रकोष्ठ : ( प्रभारी – प्रो० सीता राम )

विद्यार्थियों को जागरुक करने तथा विभिन्न प्रकार से रोज़गार के लिए निपुण बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय के स्तर पर आजीविका मार्गदर्शन और परामर्श प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों में कम्युनिकेशन और रोज़गार से सम्बन्धित निपुणता विकसित की जा रही है।

- महाविद्यालय के बी०बॉक० (हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म) के 10 विद्यार्थियों का चयन पांच सितरा होटल डी रॉयल पैलेस जयपुर में हुआ।
- महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के 3 छात्रों का चयन किण्वन प्राइवेट लिमिटेड, नालागढ़ में हुआ।

## खेल गतिविधियाँ : ( प्रभारी – प्रो० रमेश शर्मा )

- स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। दुनिया में स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। तन और मन का गहरा सम्बन्ध होता है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेलों का विशेष महत्त्व है। महाविद्यालय की खेल गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है।
- महाविद्यालय की छात्रा प्रियाँचल ने हैदराबाद में आयोजित जुनियर नैशनल प्रतियोगिता में भाग लेते हुए काँस्य पदक जीता।
- महाविद्यालय के छात्र गौरव भभौरिया ने भटिंडा में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय अन्तर-विश्वविद्यालय हैंडबाल प्रतियोगिता में भाग लिया।
- महाविद्यालय के छात्र सुजल मैहता, अजय कुमार एवं शुभम भारद्वाज ने जोगिन्द्रनगर में आयोजित अन्तर-महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए क्रमशः 60 कि०ग्रा०, 48 कि०ग्रा० व 75 कि०ग्रा० वर्ग में काँस्य पदक जीते।
- राँची में आयोजित राष्ट्रीय किक बाक्सिंग (**U-19**) प्रतियोगिता में नमन कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- 22 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के स्नातक, स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।
- 29 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में वार्षिक एथिलेटिक मीट का आयोजन किया गया जिसमें चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक, लम्बी कूद, ऊँची कूद, दौड़ आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई।

इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर-महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कुल मिलाकर यह सत्र खेल गतिविधियों के लिए उत्तम रहा।

## ईको क्लब : ( प्रभारी – प्रो० ज्योति बरवाल )

हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद् (HIM COSTE) ने एक नोडल एजेंसी के रूप में NGC (नेशनल ग्रीन कॉर्प्स) कार्यक्रम के तहत राज्य के विभिन्न कॉलेजों में ईको क्लब स्थापित किए हैं महाविद्यालय के ईको क्लब का उद्देश्य प्रकृति, मानव जाति और पर्यावरण के बीच सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों, प्राकृतिक साधनों के सत्त उपयोग और उनके प्रबंधन पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षित, प्रेरित और संवेदशील बनाना है।

क्लब द्वारा 16 सितम्बर 2023 को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस दिन का विषय 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल : ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना' निर्धारित किया गया था। इसके साथ ही चित्रकला, रंगोली, और कोलॉज मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।

## साँस्कृतिक गतिविधियाँ : ( प्रभारी – डॉ० सुरेश शर्मा )

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

30 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय परिसर में 'प्रतिभा खोज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 2 अक्तूबर, 2023 को घुमारवीं में पहली बार आयोजित सीर महोत्सव में अपने समूह लोकनृत्य की सुन्दर प्रस्तुति दी। महाविद्यालय में विभिन्न अवसरों तथा समारोहों में विद्यार्थियों द्वारा सांगीतिक तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भागीदारी से मनोरंजन किया गया। इस सत्र में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा उत्सव समारोहों में प्रश्नोत्तरी, भाषण, वाद–विवाद, फोटोग्राफी, कोलाज़, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, नाटक, प्रहसन तथा समूह लोक नृत्य में भाग लेकर सराहनीय प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों के लिए महाविद्यालय सांस्कृतिक समिति द्वारा प्रतिष्ठित कलाकारों को आमन्त्रित कर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

**EEE मॉडयूल :** EEE मॉडयूल कौशल विकास और उद्यमशीलता मन्त्रालय (MSDE) भारत सरकार द्वारा संचालित किया जाता है। जिसमें MEPSC एक नोडल एजेंसी है। इस मॉडयूल के अन्तर्गत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, मूल्याँकन और प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। महाविद्यालय में भी EEE मॉडयूल संचालित किया जा रहा है जिसमें कॉम्यूनिकेशन स्किल, व्यावसायिक कौशल, उद्यमशीलता आदि का प्रभावी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में इस मॉडयूल में 120 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## जेंडर चैम्पियन क्लब : ( प्रभारी – प्रो० रीता )

यूजीसी के निर्देशानुसार वर्ष 2018–19 में महाविद्यालय में जेंडर चैम्पियन क्लब का गठन किया गया है। इस क्लब के तहत छात्र–छात्राएं नशा निषेध पर एकांकी, लड़के एवं लड़कियों के लिए आजीविका में समान अवसर, दहेज प्रथा के विरूद्ध जागरुकता अभियान में भाग लेते हैं। लिंग समानता को बढ़ावा देने के लिए नारा लेखन, भाषण, चित्रकला, लघु फिल्म प्रदर्शन आदि के माध्यम से यह क्लब निरन्तर अपने कार्य पर अग्रसर है। यह क्लब अपने अधोलिखित सिद्धान्तों पर कार्य कर रहा है :–

लिंग आधारित विषयों पर छात्र–छात्राओं को जागरुक करना एवं छात्राओं को लिंग आधारित उनके अधिकारों एवं भेदभाव के प्रति जागरुक करना।

महाविद्यालय में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए छात्र–छात्राओं को विविध गतिविधियों में शामिल करना, महाविद्यालय में छात्राओं को समानता का वातावरण प्रदान करना, जहां उन्हें सम्मान भी मिल सके।

अन्तरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर जेंडर चैम्पियन क्लब व महिला प्रकोष्ठ क्लब द्वारा मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन लैंगिक समानता विषय पर करवाया गया।

## स्वास्थ्य जागरुकता क्लब : ( प्रभारी – डॉ० महेन्द्र भाटिया )

महाविद्यालय का स्वास्थ्य जागरुकता क्लब समय-समय पर स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को लाभान्वित करता है। क्लब के संयोजक प्रो० महेन्द्र भाटिया के मार्गदर्शन में क्लब ने महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

## साहित्यिक क्लब : ( प्रभारी – प्रो० मनोरमा देवी )

5 सितम्बर 2023 को साहित्यिक क्लब द्वारा शिक्षक दिवस आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० राम कृष्ण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो० अन्जना एवं मुख्य वक्ता प्रो० सुरेश शर्मा रहे। 18 सितम्बर को महाविद्यालय में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध कहानीकार व लेखक राजेन्द्र राजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे वाद-विवाद, भाषण एवं कविता पाठ में भाग लिया।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब : ( प्रभारी – प्रो० रीना शर्मा )

31 अक्तूबर 2014 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने की शुरुआत हुई। भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब का गठन किया गया, जिसका उद्देश्य भारत को अखंडता से एकता की ओर ले जाना है। एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब ने 29 दिसम्बर को वेबिनार का आयोजन किया जिसमें केरल राज्य से श्रोतवक्ता प्रो० सुल्फिया समाद ने केरल राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी दी जिसमें महाविद्यालय के 62 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 14 फरवरी 2024 को एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब तथा इंग्लिश विभाग द्वारा बसंत पञ्चमी का महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने स्वयं पकाए गए विभिन्न राज्यों के पारम्परिक व्यंजन जैसे गुजिया, आलू और लूची, मीठा भात, कचोरी, चिनापोड़ा, बेसन का चूरमा और सिड्डू प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के पारम्परिक नृत्य, देश भक्ति गीत, समूह गान भी प्रस्तुत किए गए। साथ ही विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## महिला प्रकोष्ठ ( वीमेन सेल ) : ( प्रभारी – प्रो० नीलम शर्मा )

अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष पर जेंडर चैम्पियन क्लब व महिला प्रकोष्ठ क्लब द्वारा मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन लैंगिक समानता विषय पर करवाया गया।

- जेंडर चैम्पियन क्लब और वूमेन सेल ने मासिक धर्म और व्यक्तिगत स्वच्छता पर युवतियों को जागरूक करने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य कम्पनी के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया। स्वास्थ्य कम्पनी की ओर से रीमा शर्मा और सुशीला कुमारी ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, सेनेटरी नैपकिन के सही इस्तेमाल और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।
- महिला प्रकोष्ठ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी बनाया गया। जिसमें वक्ताओं ने महिलाओं की समाज भागीदारी तथा दायित्वों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## सड़क सुरक्षा क्लब : ( प्रभारी – डॉ० प्रकाश चन्द गौत्तम )

महाविद्यालय में सरकार के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया है। क्लब का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों से अवगत करवाते हुए महाविद्यालय व आसपास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जागरुकता पैदा करना है। क्लब द्वारा इस सत्र में 249 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया है। क्लब द्वारा 22 सितम्बर 2023 को एक जागरुकता अभियान चलाया गया। क्लब द्वारा 14 अक्तूबर 2023 को महाविद्यलय परिसर से एक जागरुकता रैली का आयोजन भी किया गया जिसमें 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्लब द्वारा 20 अक्तूबर 2023 को पोस्टर मेकिंग प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त समय-समय पर क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

## अभिभावक -अध्यापक संघ ( पी०टी०ए० ) :

अभिभावक-अध्यापक संघ माता-पिता और शिक्षकों का एक औपचारिक संगठन है जो माता-पिता को अपने बच्चों की शिक्षा में शामिल करने के साथ-साथ महाविद्यालय प्रणालियों में मदद करने और सुधार करने के लिए बनाया गया है। 8 अक्तूबर 2023 को महाविद्यालय में सत्र 2023-24 के लिए अभिभावक-अध्यापक संघ की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें 112 अभिभावकों ने भाग लिया।

**पी०टी०ए० कार्यकारिणी :**

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान | : | शशिभूषण |
| उपप्रधान | : | राजेश कुमार |
| कोषाध्यक्ष | : | संजीव कुमार |
| सह सचिव | : | रूपलाल |
| सचिव | : | डा० वासुदेव |

**महाविद्यालय पत्रिका :** महाविद्यालय प्रत्येक वर्ष एक पत्रिका 'पारिजात' का प्रकाशन करता है, अतः इस वर्ष भी पारिजात नामक पत्रिका का सम्पादन एवं प्रकाशन किया जा रहा है। इस पत्रिका में डा० महेन्द्र भाटिया मुख्य सम्पादक की भूमिका में है एवं अन्य आचार्यगण जो अनवरत सहायक रहेंगे उनके नाम अधोलिखित हैं -

| | | |
|---|---|---|
| डा० महेन्द्र भाटिया | - | मुख्य सम्पादक |
| प्रो० विनोद कुमार | - | योजना प्रमुख |
| प्रो० कविता | - | पहाड़ी अनुभाग |
| प्रो० मनोरमा देवी | - | हिन्दी अनुभाग |
| डा० अंजना कुमारी | - | संस्कृत अनुभाग |
| प्रो० रीना शर्मा | - | आंग्ल भाषा अनुभाग |
| डा० ज्योति बरवाल | - | विज्ञान अनुभाग |
| प्रो० बासुदेव | - | वाणिज्य अनुभाग |

## केन्द्रीय छात्र परिषद् ( सी०एस०सी०ए० )

23 अक्तूबर को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय घुमारवीं में सत्र 2023-24 के लिए केन्द्रीय छात्र परिषद् का गठन किया गया। जिसमें आकृति ठाकुर स्नातकोत्तर जीव विज्ञान प्रथम सैमेस्टर की छात्रा को अध्यक्ष, एम कॉम तृतीय सेमेस्टर की भारती को उपाध्यक्ष, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के सूरज को सचिव तथा बी.ए. तृतीय वर्ष के अक्ष वैद्य को सह-सचिव नामित किया गया। इसके अतिरिक्त 9 विभागीय प्रतिनिधि, 17 कक्षा प्रतिनिधि तथा सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद, रोवर एण्ड रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एन.सी.सी. में दो-दो प्रतिनिधियों को नामांकित किया गया।

## छात्रवृत्तियाँ ( 2023-2024 ) : ( प्रभारी - प्रो० अवनीश )

विद्यार्थियों को अध्ययन में आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के सौजन्य से विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं। जिसका आवेदन स्वयं छात्रों द्वारा ऑनलाइन किया जाता है। सत्र 2023-24 में महाविद्यालय के 411 छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है। विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त आवेदनों की यथोचित जाँच के बाद 375 विद्यार्थियों के आवेदन सही पाए गए हैं जोकि आगामी कार्यवाही के लिए सरकार को प्रेषित किए जा चुके हैं। शीघ्र ही उपरोक्त विद्यार्थियों को उनकी छात्रवृत्ति बैंक खातों में आ जाएगी।

**सत्र 2023–24 के दौरान अन्य कार्यक्रम और गतिविधियाँ :**

1. एन.सी.सी. कैडेट्स ने जल संरक्षण एवं संग्रहण पर जून महीने में एक रैली आयोजित की। रैली के दौरान कैडेट्स ने लगभग 300 लोगों को जल संरक्षण व जल संग्रहण के बारे में जागरूक किया।
2. भाषा कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अन्तर महाविद्यालय कविता लेखन में वैष्णवी ने प्रथम पुरस्कार, 3100 रुपये की धन राशि प्राप्त की।
3. बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में सम्पन्न हुए एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के 27 कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
4. महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह 28/8/23 से लेकर श्रावणी पूर्णिमा 4/09/23 तक मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने संस्कृत गीतिका, संस्कृत श्लोक उच्चारण व संस्कृत संभाषण आदि प्रस्तुत किए गए।
5. डा० अरूण भारद्वाज अन्तर्राष्ट्रीय वक्ता एवं प्रेरक ने बी.बी.ए. व बी.सी.ए. के छात्र–छात्राओं को 'चैम्पियन बनने की कला' विषय पर व्याख्यान दिया।
6. बीबीए के विद्यार्थियों के लिए 'उभरती अर्थव्यवस्थाओं में उद्यमियों की चुनौतियां एवं अवसर' विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। जिसमें प्रो० गुलशन संधु रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे।
7. 12 सितम्बर को महाविद्यालय के रिटेल मैनेजमैंट के विद्यार्थियों द्वारा रिटेल शॉप का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विपणन कौशल, बिक्री कौशल, प्रचार और उत्पादन कौशल लागत प्रबन्धन, समय प्रबन्धन के बारे में व्यवहारिक रूप से जागरूक करना था।
8. बी.बी.ए. बी.सी.ए. के छात्रों के लिए सत्र के आरम्भ में 5 जुलाई 2023 ओरियन्टेशन प्रोग्राम करवाया गया।
9. अंग्रेजी विभाग द्वारा 29 दिसम्बर 2023 को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'साहित्य से संस्कृति तक' आयोजित किया गया। जिसमें अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के पारम्परिक व्यंजन स्वयं पकाकर प्रस्तुत किए। साथ ही विद्यार्थियों ने कविता गायन, भजन गायन व पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत किए।
10. 5 सितम्बर को अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों के लिए कम्युनिकेशन सकिल्स पर व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें कम्युनिकेशन सकिल्स की सरटिफाइड कोच मिस पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों को व्याख्यान दिया।
11. 2 जनवरी से 5 जनवरी तक अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया जिसमें उन्होंने धर्मशाला, काँगड़ा व पालमपुर के तीर्थ स्थलों के साथ–साथ वहाँ के विभिन्न पर्यटक स्थलों का भी आन्नद लिया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने त्रीयुड ट्रैक पर ट्रैकिंग भी की।
12. महाविद्यालय में बी वाक हॉस्पिटैलिटी एण्ड टूरिज्म के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, रंगोली, मेंहदी व भाषण प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।
13. 13 अक्तूबर को महाविद्यालय में बी.बी.ए. विभाग द्वारा उपभोक्ता अधिकारों पर जागरूकता के सम्बन्ध में रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में विद्यार्थियों ने उपभोक्ता अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक किया। रैली का आयोजन महाविद्यालय से लेकर नसवाल तक किया गया।
14. महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब ने रोड़ सेफ्टी जागरूकता अभियान शुरू किया। इसके अन्तर्गत महाविद्यालय के स्टूडेंट्स ने जागरूकता रैली निकाली।
15. महाविद्यालय के बीसीए और पीजीडीसीए के विद्यार्थियों ने कम्प्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में 2023 की नवीनतम तकनीक विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया।

16. 9 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय में बीबीए के विद्यार्थियों के लिए 'कैरियर आसपैक्ट बिद इन द फील्ड ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रो० प्रीतम लाल ने छात्रों को व्यवसाय प्रशासन के क्षेत्र में उनके करियर के विकल्पों के बारे में महत्त्वपूर्ण विचार दिए।

17. महाविद्यालय में पत्रकारिता तथा जनसंचार विभाग की ओर से राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाषण व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया।

18. मुख्य चुनाव अधिकारी तथा शिक्षा निदेशक के निर्देशानुसार महाविद्यालय में वोटर कार्ड बनवाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया।

19. महाविद्यालय में कॉमर्स विभाग की ओर से 'बैंकिग प्रणाली' विषय पर एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारी बैंक के प्रबंधक दिनेश चोपड़ा प्रेरक व्याख्याता के रूप में उपस्थित रहे।

20. महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आई क्यू ए सी) द्वारा 'नैक ग्रेड में सुधार के लिए आवश्यक कदम' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

21. महाविद्यालय में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार व स्व-रोजगार के लिए कौशल प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

22. महाविद्यालय में बीसीए अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए हाई इंस्टिट्यूट एजुकेशन सोसायटी की ओर से तीन दिवसीय औद्योगिक तथा एक्सपोजर विजिट पर चंडीगढ़ तथा मोहाली भेजा गया।

23. महाविद्यालय में एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन जाच्छ जसूर द्वारा विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को हृदयघात, हड्डी टूटना, रक्त रिसाव, आग, बाढ़, पानी, सुरक्षा आपदा की स्थिति में किसी भी व्यक्ति तथा समुदाय का किस तरह उपचार करने तथा विधि अपनाने बारे जागरूक किया।

24. महाविद्यालय के गणित विभाग ने महान् भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज के गणित के क्षेत्र में योगदान के लिए उनकी जयंती 22 दिसम्बर, 1887 को राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाया।

25. महाविद्यालय में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल आइक्यूएसी की ओर से ग्रीन ऑडिट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रीन ऑडिट और नैक के मानदंड में सुधार लाने हेतु आवश्यक जानकारियां एकत्र करना था।

26. 13 मार्च 2024 को महाविद्यालय में पूर्व छात्र कल्याण प्रकोष्ठ एवं अंग्रेजी विभाग के द्वारा (इंप्रूविंग कम्युनिकेटिव कॉम्पिटेंस) विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

27. 18 मार्च 2024 को महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## महाविद्यालय प्राध्यापकों की व्यक्तिगत, शैक्षिक एवं व्यवसायिक उपलब्धियां ( सत्र-2023-24 )

1. **डॉ० सुरेश शर्मा** - सह-प्राध्यापक (संगीत गायन विभाग), ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से अक्तूबर, 2023 में संगीत गायन विषय में पी.एचडी. की उपाधि प्राप्त की। राजकीय महाविद्यालय पांगी में 1 अक्तूबर से 4 अक्तूबर 2023 तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में ''चुनौती नहीं, एक अवसर है राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र धर्मशाला द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में 27 से 28 अक्तूबर, 2023 तक आयोजित ''जनजातीय संस्कृति एवं समुदायों के संरक्षण से ही सम्भव सतत् विकास'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। प्रदेश के प्रमुख दैनिक समाचार पत्र दिव्य हिमाचल के सम्पादकीय स्तम्भ में शिक्षा, संगीत, संस्कृति तथा समसामयिक विषयों पर लगभग पच्चीस लेखों का लेखन।

2. **डॉ० अतुल गुप्ता** - सहायक आचार्य (रासायन विभाग) ने अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च जर्नल पॉलिमर साईंस में "Evaluation of Environment Exposure Potential of Atrazine Herbicide and Synthesis of Polymeric Controlled Release Pesticide Formulations"

शीर्षक पर शोधपत्र प्रकाशित किया। “Adsorption Parameters of Pesticides to Evaluate their Potential for Ground Water Contamination” विषय पर जनवरी 29–30 2024 में गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला, बिलासपुर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा “Chemistry of Transition and Inner-transition Elements, Coordination Chemistry, Organometallics Acids & Bases 304 (PR)” विषय पर आर.डी. प्रकाशन द्वारा पुस्तक प्रकाशित की।

3. **डॉ० जीवेश नड्डा** – सहायक आचार्य (वनस्पति विज्ञान विभाग) ने “Importance of Religious Plants in Biodiversity Conservation”विषय पर 29 दिसंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा एन.ई.पी. 2020 पर आधारित संकाय विकास कार्यक्रम (एफ.डी.पी.) में भाग लिया

4. **प्रो० अवनीश कुमार** – सहायक आचार्य (भौतिकी विभाग) ने नवंबर, 2023 को ''जे.ई.टी.आई.आर.'' अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च जर्नल में ''Exploring Reducing Agent Effects in the Synthesis of ZnO Nanoparticles'' शीर्षक पर पेपर प्रकाशित किया। टीचिंग लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक फिजिक्स विषय में ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स उत्तीर्ण किया ।

5. **डा० विक्रम सिंह कपिल** – सहआचार्य (गणित विभाग) ने रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से 13 जुलाई – 26 जुलाई 2023 तक आयोजित 2 साप्ताहिक रिफ्रेशर कार्यक्रम उत्तीर्ण किया, 'A study on Gamma Rings' विषय पर 19 दिसंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय नादौन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा International Journal of Pure and Applied Mathematics में 'On Some Results Of Strong Gamma Subgroups of Strong Gamma Groups' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया।

6. **प्रो० शक्ति सिंह** – सहायक आचार्य (भौतिकी विभाग) ने रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से 21 जुलाई – 04 अगस्त 2023 तक आयोजित 2 साप्ताहिक रिफ्रेशर कार्यक्रम उत्तीर्ण किया व 'Dense Nuclear Matter in Relativistic Mean Field Model with Isoscalar and Isovector Meson Mixing Interactions' विषय पर अणु शक्ति विभाग में शोधपत्र प्रकाशित किया तथा 'Nano Materials for Sustainable Future' विषय पर 30 अक्तूबर से 4 नवम्बर 2023 तक अग्रसेन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

7. **प्रो० विवेक कुमार** – सहायक आचार्य (गणित विभाग) ने राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित एक साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम उतीर्ण किया । राजकीय महाविद्यालय नादौन में 19 दिसम्बर, 2023 को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय गणित सेमिनार में ‘A Graphical Approach of Mathematics in Whatsapp’ विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में ‘A new approach to solve Transportation Problem by North East Corner Method (NCEM)’ विषय पर शोधपत्र प्रकाशित किया। 'Transportation and Game Theory' विषय पर पुस्तक प्रकाशित की।

8. **डॉ० वासु गर्ग** – सहायक आचार्य (वाणिज्य विभाग) ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में 4 शोधपत्र प्रकाशित किये, राष्ट्र स्तरीय सम्मेलनों में 2 शोधपत्र प्रस्तुत किये, Rural marketing विषय पर अंग्रेज़ी व हिंदी में पुस्तक प्रकाशित की तथा रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से 22 सितम्बर से 06 अक्तूबर 2023 तक Advanced Research Methodology विषय पर आयोजित 2 साप्ताहिक रिफ्रेशर कार्यक्रम उत्तीर्ण किया। अग्रसेन विश्विद्यालय द्वारा 'Navigating to a Better World: Sustainable Development Goals and Academia' विषय पर आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

9. **प्रो० मनोरमा देवी** – सहायक आचार्य (हिंदी विभाग) ने रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो सप्ताह का रिफ्रेशर कार्यक्रम पूर्ण किया तथा साहित्य, शिक्षा, संस्कृति एवं शोध की अंतरराष्ट्रीय पत्रिका, 'गीना शोध संगम' के सितंबर–अक्टूबर 2023 अंक में, 'गंगाराम राजी के उपन्यासों में पारिवारिक जीवन का यथार्थ' विषय पर शोध आलेख प्रकाशित किया। राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट द्वारा 11–12 दिसंबर 2023 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में ''समकालीन हिंदी कविता और पर्यावरण'' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

10. **डॉ० रिपन कुमार** – सहायक आचार्य (संस्कृत विभाग) ने कालीकट विश्वविद्यालय, केरल से संस्कृत विषय में रिफ्रेशर कार्यक्रम उत्तीर्ण किया तथा भारतीय भाषा समिति – दयाल सिंह महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में 2 शोधपत्र प्रस्तुत किये। जैन नारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट विद्वान प्रवक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।

11. **डॉ० चंचल कुमार** – सहायक आचार्य (अंग्रेजी विभाग) ने विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित 5 संकाय विकास कार्यक्रमों एवं 1 रिफ्रेशर कोर्स उत्तीर्ण किया। इन्होंने 2 अन्तर्राष्ट्रीय एवं 1 राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में समीक्षक के रूप में कार्य किया तथा हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (HIPA) द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की।

12. **प्रो० राजीव शर्मा** – सहायक आचार्य (कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग) ने हि. प्र. विश्वविद्यालय के ICDEOL, MBA विभाग के लिए कंप्यूटर विषय की शिक्षण सामग्री तैयार की तथा इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तीर्ण किया। रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से 'ऑनलाइन क्लासेज मैनेजमेंट एवं मूक क्रिएशन' विषय में रिफ्रेशर कार्यक्रम उत्तीर्ण किया तथा हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (HIPA) द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की।

13. **प्रो० ललित शर्मा** – सहायक आचार्य (गणित विभाग) ने रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से 4 साप्ताहिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम उत्तीर्ण किया।

14. **डॉ० रीता कुमारी** – सहायक आचार्य (पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग) ने यूजीसी एचआरडीसी यूनिवर्सिटी ऑफ कालीकट, केरल से मीडिया स्टडीज पर रिफ्रेशर कोर्स उत्तीर्ण किया तथा 2 अंतर्राष्ट्रीय एवं 3 राष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध पत्र प्रस्तुत किये व हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (HIPA) द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की।

15. **डॉ० मनीष कुमार** – सहायक आचार्य (रासायन विभाग) ने रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से 2 साप्ताहिक रिफ्रेशर कार्यक्रम उत्तीर्ण किया तथा हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (HIPA) द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की।

16. **डॉ० प्रवीण कुमार** – सहायक प्रोफेसर (पर्यावरण विज्ञान विभाग) ने वेब ऑफ साइंसेज, स्कोपस और यूजीसी केयर सूची में निर्दिष्ट अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल (शोध पत्रिकाओं) में 6 शोध पत्र और राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 2 शोध पत्र प्रकाशित किए। डॉ. कुमार ने स्नातकों के लिए ''पर्यावरण विज्ञान'' नामक पुस्तक लिखी। उन्होंने तीन प्रसिद्ध वेब ऑफ साइंसेज और स्कोपस में अनुक्रमित अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल एवं तीन राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में समीक्षक के रूप भी काम किया।

17. **प्रो० अनिल कुमार** – सहायक आचार्य (गणित विभाग) ने रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से द्विसाप्ताहिक रिफ्रेशर कार्यक्रम उत्तीर्ण किया तथा 'Methods to Minimize Transportation Cost in Logistics' विषय पर राजकीय महाविद्यालय नादौन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा 'International Journal of Pure and Applied Mathematics' में 'On Some Results of Strong Gamma Subgroups of Strong Gamma Groups' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया।

18. **प्रो० अमर पॉल सिंह** – सहायक आचार्य (बीसीए/पीजीडीसीए विभाग) ने "Challenges and Opportunities in Big Data: A review" और "A Systematic Evaluation of Big Data Analytics Methodologies, Unresolved Concerns, and Future Directions" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में शोधपत्र प्रकाशित किया तथा "Database Management System" विषय पर पुस्तक प्रकाशित की।

## आधारभूत संरचना

महाविद्यालय सभागार का कार्य 4,29,45,474 बजट के साथ प्रगतिशील है। 1,33,86,000 बजट के साथ महाविद्यालय ई – लाइब्रेरी का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा विद्यार्थी इसका लाभ उठा रहे हैं। 6,50,44,000 के बजट के साथ साइंस ब्लॉक का कार्य प्रगति पर है। एक करोड़ की अनुदान राशि उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के अंतर्गत प्राप्त हुई। इस राशि का उपयोग महाविद्यालय के विभिन्न विकास कार्यों में किया गया जिनमें 6 स्मार्ट क्लासरुम व 1 वर्चुअल क्लासरूम स्थापित करना, विद्यार्थियों को ई–लाइब्रेरी व कक्षाओं में मुफ़्त इंटरनेट की

सुविधा प्रदान करना, प्रयोगशालाओं के लिए उपकरणों की ख़रीद, पार्किंग स्थल को पक्का करना व बास्केटबॉल कोर्ट की मरम्मत करना प्रमुख रहे।

## महाविद्यालय की परिकल्पना

स्वामी विवेकानन्द राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं इस क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक रूपान्तरण का प्रमुख उपादान सिद्ध हो रहा है। यह संस्थान अपने विद्यार्थियों को शैक्षणिक दृष्टि से उत्कृष्ट, व्यवसायिक दृष्टि से कौशल सम्पन्न, मानसिक रूप से दृढ़ तथा सामाजिक रूप से उत्तरदायी बनाते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प है।

महोदया कुल मिलाकर यह सत्र सुव्यवस्थित एवं उपलब्धियां से पूर्ण रहा है अच्छे परीक्षा परिणाम, क्रीड़ा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन, महाविद्यालय में अनुशासन एवं शैक्षणिक गरिमा बनाए रखने का श्रेय मेरे सहयोगी कर्मठ प्राध्यापकों, कुशल कार्यालय कर्मचारियों एवं अनुशासित छात्र समुदाय को जाता है जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। मैं उन मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देता हूं जिनको आज इस पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ है। पुरस्कार सम्मान का द्योतक होता है तथा जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न करता है। जो छात्र किन्ही कारणों से पुरस्कार प्राप्त करने में सफल नहीं हो सके उन्हें हतोत्साहित न होकर अपने मेधावी साथियों से प्रेरणा पाकर प्रतिस्पर्धा में आने का प्रयास करना चाहिए। इस वर्ष स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा पूरी करने वाले विद्यार्थियों के प्रति मैं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं तथा उनके मंगल भविष्य की कामना करता हूं। इस महाविद्यालय को सुव्यवस्थित करने में स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, नगर परिषद, खंड विकास एवं उपमंडल के अधिकारियों, लोक-निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग, मीडिया, प्रशासन तथा ट्रांसपोर्ट विभाग का अपूर्व सहयोग हमें मिलता रहा है। जिसके लिए हम उनके हृदय से धन्यवादी हैं।

हम आभारी हैं माननीय मुख्यातिथि डॉ० निधि पटेल (अतिरिक्त उपायुक्त जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश) के जिन्होंने अपने अमूल्य एवं अति व्यस्त समय में से बहुमूल्य समय निकालकर हमारे वार्षिक उत्सव पर हमारे छात्रों के उत्साहवर्धन एवं कर्मचारियों के मार्गदर्शन हेतु पधार कर हमें गौरवान्वित किया है। घुमारवीं की जनता एवं जनप्रतिनिधियों का भी मैं हृदय से आभारी हूं। महाविद्यालय के अध्यापक-अभिभावक संघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी का भी मैं धन्यवाद करता हूं जिनके सक्रिय सहयोग से हमने महाविद्यालय में विकासात्मक गतिविधियों के नए आयाम स्थापित किए हैं।

अंतत: मैं माननीय मुख्य अतिथि महोदया एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का एक बार पुन: हमारे बीच उपस्थित होने के लिए हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ।

जय हिन्द, जय हिमाचल।

**प्रो० रामकृष्ण**
प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द राजकीय उत्कृष्ट
महाविद्यालय घुमारवीं, जिला
बिलासपुर (हि०प्र०)